Regarding renovation of canal system in Balaghat, Seoni and areas bordering Maharashtra- Laid

श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट) **:** मैं सरकार का ध्यान बालाघाट, सिवनी और महाराष्ट्र की सीमा से जुड़े क्षेत्रों जैसे बरघाट, वारासिवनी, कटंगी, लांजी और परसवाड़ा में नहरों के सुधार और उन्नयन की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ । इन क्षेत्रों में स्थित पुराने बाँधों की मरम्मत पिछले दस वर्षों से नहीं हो पाई है, जबकि यह प्रस्ताव केंद्रीय जल आयोग में पहले ही प्रस्तुत किया गया था । लेकिन अब तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है । यह परियोजना मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र दोनों राज्यों के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिनका जीवन वर्षा पर निर्भर है । नहरों की दयनीय स्थिति और जल आपूर्ति में आई समस्याएँ किसानों की मुश्किलें बढ़ा रही हैं । यदि यह परियोजना समय पर पूरी होती है, तो लाखों किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा और उनकी कृषि उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी । साथ ही, कांचना मंडी जलाशय में माइक्रो इरिगेशन योजना के तहत आदिवासी क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा मिलने से आदिवासी किसानों को भी लाभ होगा । मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि इस परियोजना के तहत नहरों के उन्नयन का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए, ताकि हमारे किसान बंधु संकट से उबर सकें और उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके ।